

"मैंने हमेशा अपने साथी खिलाड़ियों से कहा है कि मैदान में आपको जो सही लगता है आप वही करो और खेल का आनंद लो"

-सूर्यकुमार यादव

भारतीय टी-20 क्रिकेट के कप्तान, टीम के बारे में कहा।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — रवि बिश्नोई




**भारत** के लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने एक बार फिर टीम को अपने स्पेल के पहले ही ओवर में सफलता दिलाई। इस बार उन्होंने अटैकिंग ओपनर ट्रैविस हेड को बोल्ड किया। 5वें ओवर की पांचवीं बॉल बिश्नोई ने गुड लेंथ पर फ्लिपर फेंकी, हेड बैकफुट पर पंच करने गए लेकिन गेंद स्टंप्स से जा लगी। हेड 28 रन बनाकर आउट हुए और ऑस्ट्रेलिया को 47 रन पर दूसरा झटका लगा। बिश्नोई ने लगातार 5वें टी-20 में विकेट लिया, पांचों बार उन्होंने पहला विकेट बोल्ड के रूप में लिया और 4 बार उन्हें अपने स्पेल के पहले ही ओवर में विकेट मिल गया।

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिकेट विश्व कप के इतिहास में पहली गेंद 7 जून 1975 को लार्ड्स के मैदान पर भारत के मदनलाल द्वारा इंग्लैण्ड के डैनिश एमिस को फेंकी गई थी।

# सूर्यकुमार को दूसरी बॉल पर मिला जीवनदान:अंपायर को फिर लगी बॉल

नई दिल्ली। भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 5वें टी-20 में 6 रन से हराकर सीरीज 4-1 के अंतर से जीत ली। बेंगलुरु में टीम इंडिया के कप्तान सूर्यकुमार यादव को दूसरी बॉल पर जीवनदान मिला। अर्शदीप सिंह ने आखिरी ओवर में 9 रन डिफेंड किए, वहीं अंपायर को इस मुकाबले में भी बॉल लगी।

ऑस्ट्रेलिया के बेन मैक्डरमॉट का मिसटाइम सिक्स 98 मीटर दूर गया। आखिरी ओवर में अंपायर ने वाइड बॉल नहीं दी तो कंगारू टीम के कप्तान मैथ्यू वेड गुस्सा हो गए और टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने 2 गेंदों पर 2 विकेट लेकर मैच पलटा। टीम इंडिया के कप्तान सूर्यकुमार यादव को अपनी दूसरी ही बॉल पर जीवनदान मिल गया। पांचवें ओवर में बेन ड्वारशस ने ऑफ स्टंप के बाहर फुलर लेंथ बॉल फेंकी। सूर्यकुमार ड्राइव करने गए लेकिन बॉल टॉप एज लगकर पॉइंट की दिशा में चली गई। यहां बेन मैक्डरमॉट ने हवा में डाइव लगाकर कैच लेने की कोशिश की, बॉल उनके हाथ से टकराई लेकिन कैच पूरा नहीं हो सका।

जीवनदान के वक्त सूर्यकुमार 1 रन पर ही बैटिंग कर रहे थे। वह इसका फायदा नहीं उठा सके और 5 रन बनाकर ड्वारशस का ही शिकार हुए। उनका कैच भी मैक्डरमॉट ने ही पकड़ा। मैक्डरमॉट का मिसटाइम सिक्स 98 मीटर दूर गया ऑस्ट्रेलिया के बेन मैक्डरमॉट ने 98 मीटर लंबा सिक्स लगाया, लेकिन इस बॉल पर गेंद टॉप एज लेकर बाउंड्री के बाहर गई। चौथे ओवर की चौथी बॉल पर मैक्डरमॉट आगे निकलकर आए, आवेश खान ने शॉर्ट पिच गेंद फेंक दी। मैक्डरमॉट ने तेजी से बैट घूमाया और बॉल मिड-विकेट की दिशा में स्टेडियम की छत से टकराई। मैक्डरमॉट का सिक्स 98 मीटर लंबा रहा, वह सीरीज का सबसे लंबा सिक्स लगाने से चूक गए। ये रिकॉर्ड भारत के रिंक सिंह के नाम है, जिन्होंने चौथे टी-20 में बेन ड्वारशस के खिलाफ 100 मीटर लंबा सिक्स लगाया था। भारत के लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने एक बार फिर टीम को अपने स्पेल के पहले ही ओवर में सफलता दिलाई। इस बार उन्होंने अटैकिंग ओपनर ट्रैविस हेड को बोल्ड किया। 5वें ओवर की पांचवीं बॉल बिश्नोई ने गुड लेंथ पर फ्लिपर फेंकी, हेड बैकफुट पर पंच करने गए लेकिन गेंद स्टंप्स से जा लगी। हेड 28 रन बनाकर आउट हुए और ऑस्ट्रेलिया को 47 रन पर दूसरा झटका लगा। बिश्नोई ने लगातार 5वें टी-20 में विकेट लिया, पांचों बार उन्होंने पहला विकेट बोल्ड के रूप में लिया और 4 बार उन्हें अपने स्पेल के पहले ही ओवर में विकेट मिल गया। चौथे टी-20 में उन्होंने जोश फिलिप और तीसरे में जोश इंग्लिस को बोल्ड किया। जबकि पहले और दूसरे टी-20 में उन्होंने मैथ्यू शॉर्ट को बोल्ड किया था। तीसरे टी-20 में इंग्लिस को उन्होंने अपने स्पेल के दूसरे ओवर में आउट किया था, बाकी चारों विकेट उन्हें पहले ओवर में मिले।




# 'मैदान में जो सही लगता है वही करो और खेल का आनंद लो'

बेंगलुरु 4 दिसंबर। भारत के टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि मैंने हमेशा अपने साथी खिलाड़ियों से कहा है कि मैदान में आपको जो सही लगता है आप वही करो और खेला आनंद लो।

पांच टी-20 मैचों की श्रृंखला 4-1 से जीतने के बाद कल रात सूर्यकुमार यादव ने कहा कि यह एक कमाल की श्रृंखला रही है। खिलाड़ियों ने जिस तरह का प्रदर्शन किया है, वह देख कर अच्छा लग रहा है। मैंने हमेशा अपने साथियों से कहा है कि मैदान में आपको जो सही लगता है, आप वही करो। अपने खेल का आनंद लो। उन्होंने कहा कि आज विकेट थोड़ा ट्रिकी था, मैंने अपने खिलाड़ियों से कहा था कि अभी भी हम मैच में बने हुए हैं, चिंता न करें।

इस अवसर पर प्लेयर ऑफ द सीरीज रवि बिश्नोई ने कहा कि पहला मैच मेरे हिसाब से अच्छा नहीं गया था। हालांकि मैंने जो योजना बनाई थी, मैं उसी को लागू करने का प्रयास कर रहा था। मैं कोशिश कर रहा था कि मैं ज्यादा ऊपर गेंद न फेकूं और विकेट टू विकेट गेंदबाजी करना चाह रहा था। मैं दक्षिण अफ्रीका में भी ऐसे ही गेंदबाजी करने का प्रयास करूंगा।

प्लेयर ऑफ द मैच अक्षर पटेल कहा कि आज पहली ही गेंद करने पर मुझे स्पिन मिला तो मैंने मुस्कुराते हुए सोचा कि यह मेरा विकेट है। एक ब्रेक के बाद वापसी करते हुए मैं लय में नहीं था, उस वक्त मैं काफी कुछ सोच रहा था, क्योंकि बल्लेबाजी उस हिसाब से नहीं हो रही थी। हालांकि आज मैंने अच्छी बल्लेबाजी की। बिश्नोई के साथ जिस तरह से मैंने साझेदारी में गेंदबाजी की उससे मुझे काफी मदद मिली। यह साझेदारी आगे भी चलती रहे तो अच्छा है।

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मैथ्यू वेड ने कहा कि हमने आज कमाल की गेंदबाजी की। हमने भारत को एक ऐसे स्कोर पर रोका था जिसे हासिल किया जा सकता था। हम दो स्पिनर के लिए जा सकते थे। हालांकि टी-20 विश्वकप की तैयारियों के मद्देनजर कई बार अलग तरह के फैसले लिए जाते हैं। इस सीरीज में हमने काफी अच्छा क्रिकेट खेला। हमें बहुत कुछ सीखने को मिला। हमारी टीम में कई युवा खिलाड़ी थे, जिन्हें खेलने का मौका मिला।

## कोरिया के खिलाफ मैच से भारत करेगा विश्वकप अभियान का आगाज

कुआलालंपुर, 4 दिसंबर (वार्ता) एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप मलेशिया 2023 में भारत अपने अभियान की शुरुआत पूल सी में अपने पहले मैच में कोरिया के खिलाफ जीत के साथ करना चाहेगा। कुआलालंपुर के बुकिट जलील में नेशनल हॉकी स्टेडियम मंगलवार को भारतीय समयानुसार दोपहर साढ़े तीन बजे यह मैच खेला जायेगा। कोरिया के खिलाफ शानदार रिकार्ड रखने वाली भारतीय टीम के हौसले बुलंद है। दोनों टीमे अब तक छह बार आमने सामने हो चुकी है जिसमें तीन मैच भारत के पक्ष में गये है जबकि दो में उसे हार का सामना करना पडा है। एक मैच का नतीजा नहीं निकल सका था। आखिरी बार दोनों टीमें इस साल की शुरुआत में आयोजित पुरुष जूनियर एशिया कप के सेमीफाइनल के दौरान एक-दूसरे से भिड़ी थीं, जहां भारत ने कोरिया पर 9-1 से बड़ी जीत दर्ज की थी। मैच की पूर्व संध्या पर भारतीय कप्तान उत्तम सिंह ने कहा, हम अच्छी शुरुआत को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हैं। हमने हाल ही में कोरिया के खिलाफ खेला है, इसलिए हम चुनौती के बारे में भलीभांति जानते है। हमारा ध्यान अपनी योजनाओं को क्रियान्वित करने पर और अच्छी हॉकी खेलने पर होगा। कोच सीआर कुमार ने कहा, खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत की है, और टूर्नामेंट के लिए टीम पूरी तरह से तैयार हैं। कोरिया एक अच्छी टीम है जिसे आप हल्के में नहीं ले सकते। हमें हर प्रतिद्वंद्वी का सम्मान करना होगा, यह एक बड़ा मंच है, इसलिए टूर्नामेंट में अच्छी शुरुआत पाने के लिए हमें सतर्क रहना होगा और अपनी ताकत का मुजाहिरा मैदान पर करना होगा। दो बार का जूनियर विश्व चैंपियन भारत अपने पूल सी मैचों में सात दिसंबर को स्पेन और नौ दिसंबर को कनाडा से भिड़ेगा। पूल चरण में शीर्ष दो में रहने से क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की हो जाएगी। टूर्नामेंट का क्वार्टर-फ़ाइनल 12 दिसंबर,सेमी-फ़ाइनल 14 दिसंबर और फाइनल 16 दिसंबर को होगा।

## खेल को कैसे आगे बढ़ाना है, यह आईसीसी का काम हैः कपिल

बेंगलुरु, 4 दिसंबर। भारत के महान क्रिकेटर कपिल देव ने कहा कि यह क्रिकेट को कैसे आगे बढ़ाना है यह काम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का है। कपिल ने रविवार को यहां विश्व समुद्र गोल्डन ईगल्स की वार्षिक गोल्फ चैंपियनशिप के मौके पर यूनीवार्ता से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा, मैं एक दर्शक के अलाव कुछ भी नहीं हूं। बस इतना ही मेरा कहना है। क्रिकेट को कैसे आगे बढ़ाना है यह काम आईसीसी का है। खेल को कैसे होगा, यह क्रिकेट कंट्रोल का काम है। यह मेरा काम नहीं है। मेरा काम टेलीविजन पर खेल देखना और उसका लुत्फ उठाना है। उन्होंने हाल ही में संपन्न एकदिवसीय विश्वकप में कई लोगों का ध्यान एक विवादित खिलाड़ी और कुछ अन्य हरकतों की ओर खिंचा है। जिसमें मोहम्मद रिजवान के क्रिकेट मैदान पर नमाज पढ़ने, पाकिस्तान के मुख्य कोच मिकी आर्थर 'जय श्री राम' के नारे को लेकर टिप्पणी, फाइनल मुकाबले के दौरान एक फिलिस्तीन समर्थक ने मैदान में घुसकर विराट कोहली को गले लगाने के इन विवादों पर कपिल ने कहा कि हर तरह के लोग होते हैं और किसी को इसका नकारात्मक और किसी को सकारात्मक पक्ष रखने का पूरा अधिकार है। उन्होंने कह, आपको हर तरह के लोग मिलेंगे और हर तरह के लोग आपकी तरह के लोग नहीं होंगे, आप जो भी सोचते हैं वह सही है। अगर आपको उसके बारे में लिखना पसंद नहीं है, और यदि आप पसंद करते हैं, तो उसकी सराहना करें। बस इतना ही। उन्होंने कहा कि क्रिकेट मैदान पर पाकिस्तानी खिलाड़ी रिजवान का नमाज पढ़ने को लेकर उनके खिलाफ शिकायत दर्ज की गई थी। उच्चतम न्यायालय के वकील विनीत जिंदल ने आईसीसी को पत्र लिखकर कहा कि रिजवान का मैच के दौरान नमाज पढ़ना खेल की भावना पर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने यह भी कहा कि क्रिकेट के मैदान पर कई भारतीयों के बीच रिजवान का कृत्य जानबूझकर उनके धर्म का चित्रण करने का प्रतीक था, जो खेल की भावना के खिलाफ है और पाकिस्तानी खिलाड़ी जानबूझकर अपने धर्म के बारे में दर्शकों का ध्यान आकर्षित कर रहा था।

## सब जूनियर वर्ग में राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी ने चीमा को हराया

नयी दिल्ली, 4 दिसंबर। पहली हॉकी इंडिया जूनियर और सब जूनियर पुरुष अकादमी चैंपियनशिप में रविवार को भाई बहलो हॉकी अकादमी भगत, एचएआर हॉकी अकादमी, राजा करण हॉकी अकादमी तथा राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी ने जूनियर वर्ग में अपने-अपने मुकाबले जीते और वहीं सब जूनियर वर्ग में राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी ने चीमा हॉकी अकादमी को हराया। सब जूनियर वर्ग में राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी ने चीमा हॉकी अकादमी को 14-0 से हराया। राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी के लिए इस मुकाबले में अनुराग सिंह ने 27वें, 44वें, 47 वें और सनी ने 43वें, 53वें, 56वें मिनट में गोल किये, गुरजोत ने 19वें, 47वें और चरणजीत सिंह ने 41 वें, 51वें कप्तान अमनदीप ने 35वें, इंद्रजीत सिंह ने 49वें, दीपकप्रीत सिंह ने 53 वें और अर्जनदीप सिंह ने 59वें मिनट में एक-एक गोल किया। भाई बहलो हॉकी अकादमी भगत ने सैल्यूट हॉकी अकादमी को हराया। जूनियर वर्ग के पहले मैच में भाई बहलो हॉकी अकादमी भगत ने सैल्यूट हॉकी अकादमी को 2-1 से हराया। शमशेर सिंह ने 10वें मिनट में पहले क्वार्टर में भाई बहलो हॉकी अकादमी भगत के लिए पहला गोल किया, लेकिन योगेश ने 30वें मिनट में दूसरे क्वार्टर के आखिर में सैल्यूट हॉकी अकादमी के लिए गोल कर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। तीसरे क्वार्टर के लगभग आधे समय में, सुखजीत सिंह ने 38वें ने भाई बेहलो हॉकी अकादमी भगता के लिए पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल दिया और उन्होंने टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। जूनियर वर्ग के दूसरे मैच में एचएआर हॉकी अकादमी ने घुम्मनहेड़ा राइजर अकादमी को 8-2 से हराया। जितेंदर ने 21वें, 40वें, 52वें मिनट में गोल कर हैट्रिक बनाई, वहीं सुमित ने सातवें, 34वें ने दो गोल किए और संजू ने सातवें, नितिन ने 47वें और साहिल ने 52वें मिनट में एक-एक गोल किया। घुम्मनहेरा राइजर अकादमी के लिए हॉकी अकादमी ने दो गोल किए जबकि कप्तान युवराज सिंह ने 24 वें और दक्ष वत्स ने 26 वें मिनट ने दो गोल किए। जूनियर वर्ग के तीसरे मैच में राजा करण हॉकी अकादमी ने चीमा हॉकी अकादमी को 4-1 से हराया। चीमा हॉकी अकादमी के लिए दिव्यांशु शर्मा ने पांचवें मिनट में मैच का पहला गोल किया, वहीं राजा करण हॉकी अकादमी के लिए हरीश शर्मा ने 30वें, 57वें , सनी ने 42वें और तनिष ने 43 वें मिनट में गोल किया। जूनियर वर्ग के चौथे मैच में राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी ने नामधारी इलेवन को 4-3 से हराया।

## हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप में भारत की तीसरे खिताब पर नजर

कुआलालंपुर 4 दिसंबर। भारत एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्वकप 2023 में मंगलवार को दक्षिण कोरिया के साथ मुकाबले अपने अभियान की शुरुआत करेगा। मलेशिया के नेशनल हॉकी स्टेडियम में खेले जाने वाले अंडर-21 खिलाड़ियों के इस टूर्नामेंट में भारत पूल सी में दक्षिण कोरिया, स्पेन और कनाडा के साथ है और उत्तम सिंह भारतीय टीम के कप्तान है। दो बार के चैम्पियन भारत की नजर खिताब पर होगी।

जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के 13वें संस्करण में 16 टीमों को ए, बी, सी और डी चार समूह में बांटा गया है। ग्रुप में शीर्ष दो स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी और क्वार्टरफाइनल में जगह बनाएंगी। प्रत्येक ग्रुप से आखिरी दो टीमें क्लासिफिकेशन राउंड में अपनी जगह पक्की करेंगी। भारत ने इस साल की शुरुआत में ओमान में जूनियर हॉकी एशिया कप 2023 जीता था।

भारत अपने जूनियर हॉकी विश्व कप अभियान की शुरुआत मंगलवार को रैंकिंग में 11वें नंबर पर मौजूद दक्षिण कोरिया के खिलाफ मुकाबले से करेगा और फिर एक दिन के अंतराल के बाद छठी रैंकिंग वाली स्पेन टीम के खिलाफ मुश्किल मैच खेलेगा। भारत शनिवार को विश्व नंबर 14 कनाडा के खिलाफ अपना आखिर ग्रुप मुकाबला खेलेगा। इस टूर्नामेंट में मलेशिया, चिली मौजूदा चैंपियन और विश्व नंबर एक अर्जेंटीना पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के साथ पूल 'ए' में है।

## वेस्टइंडीज का वनडे में दूसरा सबसे बड़ा रन चेज:इंग्लैंड को 4 विकेट से हराया

### होप ने 49वें ओवर की 4 गेंदों में 3 छक्के जड़े

एंटीगुआ, 4 दिसंबर। वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों की घरेलू सीरीज में कप्तान साई होप की नाबाद शतकीय पारी की बदौलत जीत के साथ शुरुआत की है। कैरेबियन टीम ने एंटीगुआ में खेले गए पहले मुकाबले में ब्रिटिश टीम को 4 विकेट से हराया। इसके साथ ही वेस्टइंडीज ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है।

इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 325 रन बनाए। 326 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी कैरेबियन टीम ने 7 बॉल शेष रहते हुए 6 विकेट के नुकसान पर बना लिए और मैच को 4 विकेट से अपने नाम कर लिया। यह वेस्ट इंडीज का उनके इतिहास में दूसरा सबसे सफल पुरुष वनडे रन चेज भी था। इससे पहले कैरेबियन टीम ने 2019 में मालाहाइड में आयरलैंड के खिलाफ चेज करते हुए 5 विकेट पर 331 रन बनाए थे। इंग्लैंड ने पावर प्ले में बनाए 78 रन इंग्लैंड के ओपनर फिल साल्ट और विल जैक्स ने टीम को अच्छी शुरुआत दी। दोनों ने मिलकर 5.4 ओवर में 50 रन बना लिए। इंग्लैंड को पहला झटका 8.2 ओवर में गुडाकेश मोती ने साल्ट को कैच आउट करा कर दिया। उस समय टीम का स्कोर 77 रन था। साल्ट 28 गेंदों पर 45 रन बनाए। वहीं इंग्लैंड को दूसरा झटका अल्जारी जोसेफ ने दिया। उन्होंने विल जैक्स को साई होप के हाथ कैच कराकर पवेलियन भेजा। जैक्स ने 24 गेंदों पर 26 रन बनाए। इंग्लैंड ने 10 से 40 ओवर में 4 विकेट गवांए इंग्लैंड ने 10 से 40 ओवर में 158 रन बनाने के साथ ही 4 विकेट गवांए। जबकि 40 से 50 ओवर के बीच 4 विकेट केवल 89 रन के अंदर गवां दिए। इंग्लैंड का तीसरा विकेट 110 रन पर गिरा। वहीं चौथे विकेट के लिए जैक क्राउली और हैरी ब्रूक ने 54 गेंदों पर 50 रन की साझेदारी की। इंग्लैंड का पांचवां विकेट 191 रन पर गिरा। इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा 71 रन हैरी ब्रूक ने बनाए। वहीं जैक क्राउली इंग्लैंड के दूसरे टॉप स्कोरर रहे। उन्होंने 63 गेंदों पर 48 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए मोती, थॉमस, शेफर्ड ने लिए 2-2 विकेट वेस्टइंडीज की ओर से गुडाकेश मोती,ओशेन थॉमस और रोमारियो शेफर्ड ने 2-2 विकेट लिए। जबकि अल्जारी जोसेफ और यानिक कैरियो ने 1-1 विकेट लिए। 326 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी रही। कैरेबियन टीम ने 10 ओवर तक बिना विकेट खोए 55 रन बना लिए। वेस्टइंडीज को पहला झटका 104 रन पर लगा। ओपनर एलिक अथानाजे 17.3 ओवर में रेहान अहमद की गेंद पर एलबीडब्ल्यु हो गए। अथानाजे ने 65 गेंदों पर 66 रन बनाए। वहीं वेस्टइंडीज को दूसरा झटका 106 रन पर लगा। जब दूसरे ओपनर ब्रैंडन किंग भी लियम लिविंगस्टन की गेंद पर बोल्ड हो गए। उन्होंने 44 गेंदों पर 35 रन बनाए।

### मार्कराम करेंगे भारत के खिलाफ श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीकी टीम की कप्तानी

प्रिटोरिया 4 दिसंबर। एकदिवसीय कप्तान टेम्बा बावुमा और तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा को इस महीने के आखिर में भारत के खिलाफ सफेद गेंद से खेली जाने वाली श्रृंखला के लिए आराम दिये जाने के कारण टी-20 कप्तान एडेन मार्कराम दक्षिण अफ्रीका की कमान संभालेंगे। गेराल्ड कोएत्जी, मार्को जानसन और लुंगी एनगिडी केवल पहले दो टी-20 में मैच खेलेंगे। इस दौरान टेस्ट की तैयारी के लिए बावुमा, रबाडा, कोएत्जी, जेन्सन और एनगिडी 14 से 17 दिसंबर तक घरेलू प्रथम श्रेणी मैचों के खेलेंगे।

## कवीन क्विंटल एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप के टॉप 10 में

बुरीराम, 4 दिसम्बर। एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप के फाइनल राउण्ड में आईडेमिट्सु होण्डा रेसिंग इंडिया टीम के राइडर कवीन क्विंटल और मोहसीन परामबन ने 10 लैप की रेस में शानदार प्रदर्शन किया।

रेस 2 में ग्रिड 11 से शुरूआत करने के बाद कवीन क्विंटल ने 2023 एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप की आखरी रेस में बेहतरीन परफोर्मेन्स देते हुए फाइनल राउण्ड में जीत के प्रयासों को जारी रखा। उन्होंने 18:56.590 के कुल टाईम के साथ 10वें पॉज़िशन पर चैकर्ड लाईन पार की। वहीं मलप्पुरम से उनकी टीम के साथी मोहसीन परामबन दुर्भाग्य से एपी250सीसी की दूसरी रेस पूरी नहीं कर सके। पहली रेस में दोपहर की गर्मी के बीच क्विंटल ने स्थिरता बनाए रखी। कई चुनौतियों के बावजूद कवीन ने मैदान पर मजबूत पॉज़िशन हासिल की। दुर्भाग्य से आखिरी कुछ लैप्स में मशीन में खराबी के चलते वे रेस पूरी नहीं कर सके। मोहसीन ने 20वें पॉज़िशन से रेस शुरू की। योजना के साथ आगे बढ़ते हुए और थ्रॉटल पुश करते हुए मोहसीन ने 16वां पॉज़िशन हासिल किया और मैदान में कड़े मुकाबले के बीच अपना लोहा साबित कर दिया।

दूसरे राउण्ड के अंत तक आईडेमिट्सु होण्डा रेसिंग इंडिया टीम ने छह अतिरिक्त पॉइन्ट्स स्कोर कर लिए, इस तरह 2023 एफआईएम एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप (एआरआरसी) में उनके कुल 33 पॉइन्ट्स हो गए।

## मोदी राज में बना खेलों का शानदार माहौल : योगी

गोरखपुर, 4 दिसंबर (वार्ता) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले नौ-दस वर्षों में खेलों की गतिविधियों का शानदार माहौल बना है और देश खेल के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के शुभारंभ के अवसर पर योगी ने कहा कि ओलंपिक, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स में प्रतिभागी खिलाड़ियों और उनके द्वारा जीते जा रहे पदकों की संख्या से देश में खेल के बदले मौहाल का अंदाजा लगाया जा सकता है। खेलो इंडिया, फिट इंडिया मूवमेंट और सांसद खेल स्पर्धा से खेल और खिलाड़ियों को काफी प्रोत्साहन मिला है।

इसे और गति देने के हर जिले में स्पोर्ट्स सेंटर बनाए जा रहे हैं। उन्होने कहा कि प्रदेश में खेल के संसाधनों और गतिविधियों को बढ़ाने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं। इसके तहत हर गांव में खेल के मैदान व ओपन जिम विकसित किए जा रहे हैं। जिला स्तर पर स्टेडियम व ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम बनाए जा रहे हैं। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में दो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम हैं। वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है।

प्रदेश में 15 सिंथेटिक हॉकी ट्रैक, 3 सिंथेटिक रनिंग ट्रैक, 67 बहुउद्देश्यीय स्पोर्ट्स हाल, 15 इनडोर बास्केटबॉल हाल, दो जुडो हाल, छह शूटिंग रेंज बनाए जा चुके हैं। मेरठ में मेजर ध्यानचंद के नाम पर प्रदेश मैं पहका विश्व स्तरीय स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय का निर्माण युद्ध स्तर हो रहा है। योगी ने कहा कि खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश सरकार भरपूर धनराशि देने के साथ उन्हें सरकारी नौकरी दे रही है। डेढ़ लाख रुपये मासिक मानदेय पर कई कोच नियुक्त किए गए हैं। एकलव्य क्रीड़ा कोष से भी खिलाड़ियों को मदद दी जा रही है। उन्होंने कहा कि ओलंपिक, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स, विश्व चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने और पदक जीतने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों को भरपूर पुरस्कार राशि तो दिया ही जा रहा है, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वालों को राजपत्रित पदों पर नियुक्त किया जा रहा है। प्रदेश में 500 खिलाड़ियों को नियुक्ति दी जा चुकी है।

## ऑस्ट्रेलिया में आईसीसी टूर्नामेंटों का अमेजन प्राइम वीडियो पर होगा प्रसारण

दुबई 4 दिसंबर। अमेजन प्राइम वीडियो ने सभी पुरुष और महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) टूर्नामेंट के लिए ऑस्ट्रेलिया में प्रसारण अधिकार सुरक्षित कर लिये हैं।

फॉक्सटेल/कायो ने हालिया एकदिवसीय विश्व कप का प्रसारण किया, जबकि नाइन नेटवर्क ने ऑस्ट्रेलिया के खेलों और कुछ अन्य मैचों की स्क्रीनिंग की। इस नई साझेदारी के तहत कोई प्रसारण फ्री-टू-एयर नहीं किया गया है।

ऑस्ट्रेलिया में पुरुषों/महिलाओं के घरेलू टेस्ट और सभी अंतरराष्ट्रीय मैच सेवन के साथ फ्री-टू-एयर पर उपलब्ध रहेगी, लेकिन पुरुषों के सफेद गेंद अंतरराष्ट्रीय मैच फॉक्सटेल के साथ हैं। 2027 और 2031 में पुरुषों की एशेज श्रृंखला का प्रसारण नाइन नेटवर्क पर होगा।

यह निर्णय संघीय सरकार द्वारा खेल में साइफनिंग विरोधी उपायों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के कुछ ही दिनों बाद आया है। संचार मंत्री मिशेल रोलैंड ने पिछले सप्ताह संसद में साइफनिंग विरोधी उपायों को ध्यान में रखते हुए कानून पेश किया।

रोलैंड ने कहा, सभी आस्ट्रेलियाई लोगों को चाहे वे कहीं भी रहते हों, या जो भी कमाते हों, उन्हें प्रतिष्ठित खेल आयोजनों के मुफ्त टीवी कवरेज का आनंद लेने का अवसर मिलना चाहिए।

आईसीसी प्रमुख ज्योफ एलार्डिस ने अमेजन के साथ समझौते का स्वागत करते हुए एक बयान में कहा, हम ऑस्ट्रेलिया में आईसीसी क्रिकेट अधिकारों के लिए प्राइम वीडियो के साथ नई चार साल की साझेदारी करने को लेकर बहुत उत्साहित हैं।

उन्होंने कहा, हाल ही में संपन्न पुरुष विश्व कप ने दुनिया भर में और विशेष रूप से ऑस्ट्रेलिया में आईसीसी आयोजनों के प्रति रुचि और जुनून को उजागर किया है, जहां क्रिकेट प्रशंसकों ने अपनी पुरुष और महिला टीमों की हालिया सफलता का आनंद लिया है।

उन्होंने कहा, हम ऑस्ट्रेलिया में अधिक प्रशंसकों को विश्व स्तरीय क्रिकेट का एक अभिनव कवरेज प्रदान करने के लिए प्राइम वीडियो ऑस्ट्रेलिया के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं आईसीसी और अमेजन के बीच नई साझेदारी जो न्यूजीलैंड के घरेलू अंतरराष्ट्रीय मैचों को भारत में भी प्रसारित करती है, जनवरी में पुरुषों के अंडर-19 विश्व कप के साथ शुरू होगी और पहला सीनियर टूर्नामेंट वेस्ट इंडीज और अमेरिका में पुरुषों का टी 20 विश्वकप होगा। वर्ष के अंत में, ऑस्ट्रेलिया की महिलाएं सितंबर और अक्टूबर के दौरान बांग्लादेश में होने वाले टी-20 विश्वकप में शामिल होगा। इस बीच अमेजन ने यह भी पुष्टि की कि टेस्ट वतृचित्र का तीसरा सीज़न 2024 में जारी किया जाएगा

### हर हॉकी अकादमी और घुम्मनहेड़ा राइजर अकादमी की जीत

नई दिल्ली, 4 दिसंबर। पहली हॉकी इंडिया जूनियर और सब जूनियर पुरुष अकादमी चैंपियनशिप 2023 के दूसरे दिन सोमवार को जोन ए में एचएआर हॉकी अकादमी और घुम्मनहेरा राइजर अकादमी ने सब जूनियर वर्ग में अपने-अपने मैच जीते। जूनियर वर्ग में आर्मी बॉयज़ स्पोर्ट्स अकादमी,एचएआर हॉकी अकादमी और राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी ने अपने-अपने मैच जीते जबकि मारकंडेश्वर हॉकी अकादमी ने राजा करण हॉकी अकादमी से 1-1 से ड्रा खेला।